# ग्राम मेघासिवनी में जल स्वच्छता के अंतर्गत बनाए हैंडपंप के सोकपिट



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम मेघा सिवनी में जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा सेक्टर नंबर 1 में बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट ने कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन मार्गदर्शन में परामर्शदाता विनोद तिवारी, तृप्ती सिंह, लता नागले, जयप्रकाश सुर्यवंशी, आशीष साहू के नेतृत्व में बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समितियो द्वारा छिंदवाड़ा विकासखंड के ग्रामों में एवम नगरीय क्षेत्रों में श्रमदान कर जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्य 30 मार्च से किए जा रहे है जो लगातार 30 जून तक किए जावेगे।

इसी श्रंखला में शुक्रवार को ग्राम मेघासिवनी में हैंडपंप के आस पास सोक पीठ का निर्माण किया गया। साथ ही जल जलस्त्रोतो के समीप श्रमदान कर जल स्वच्छता अभियान चलाया गया।

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम/कार्यक्रम के विद्यार्थियों के श्रमदान सहयोग से जल स्त्रोतों की साफ सफाई की गई।

ग्राम मेघासिवनी मे हैडपंप आसपास सोकपीठ का निर्माण किया गया व सफाई की गई साथ ही परामर्शदाता श्रीमती तृप्ति सिंह ने ग्रामीणजनों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई साथ ही जल के महत्व को समझाया।

श्रमदान मे मुख्य रूप से एम.एस.डब्ल्यू, व बी.एस. डब्ल्यू. के छात्र राजाराम धुर्वे, पवित्रा, कृतिका, शीतल, दीपक कराडे, प्रदीप बिल्कोले, किरण बट्टी, मीना सुर्यवंशी, अनामिका, किरण, रितीका बंदेवार के जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति, ग्राम मेघा सिवनी की ग्राम विकाश प्रस्फुटन समिति मेघा सिवनी के सदस्य गण सहित समस्त छिंदवाड़ा विकास खंड के परामर्शदाताओं द्वारा श्रमदान कर जल संरक्षण अभियान चलाया गया।

# भाजयुमो ने फव्वारा चौक पर पुतला फूंका



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व एवं सांसद विवेक बंटी साहू के निर्देशानुसार कांग्रेस लीडर सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी का पुतला भाजपा नगर युवा मोर्चा द्वारा दहन किया गया। नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष बिट्टू मंडराह, अनुज मल्होत्रा व रवि मालवी ने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा अपने शासनकाल में किये गये नेशनल हेराल्ड घोटाले मामले मे कांग्रेस के द्वारा लगातार देश की जनता को गुमराह व भ्रान्तियाँ फैलाने का काम कर रही है।

ईडी का दावा है कि एजेएल की 2,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति को वाईआईएल के जरिए कब्जे में लिया गया है। एजेंसी ने कहा है कि इसमें 988 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग भी की गई है।

जांच में यह बात सामने निकलकर आई है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के पास दिल्ली, मुंबई और लखनऊ सहित भारत के कई शहरों में 661.69 करोड़ की अचल संपत्तियां हैं और इन्हें आपराधिक आय के जरिए हासिल किया गया था।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, जागेंद्र अल्डक, अरविंद राजपूत, नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, नवीन बारस्कर, पंकज पाटनी, पप्पू ठाकुर, रोहित माहोरे, नीरज भारद्वाज, लकी पाल, अंकित सोलंकी, अंकित तिवारी, शिवा सरसवार, विश्वेन्द्र बैस, मयूर पटेल, देवेंद्र गावंडे, नितिन राउत, कुणाल पाल, मोहित बुनकर, अंकित कपाले, अभिषेक गोयल, सुनील परतेती, पंकज माहौर, आनंद गौहर, शुभम साहू, सुनील जैन, नीरज वर्मा, अशरब कुमरे, विजेंद्र भार्गव, दिव्यांशु लोखंडे, ऋषभ ताम्रकार, मलखान राजपूत, वंदना विश्वर्मा, गोलू विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### चाइल्ड कंर्जवेशन फाउंडेशन द्वारा आज एवं कल राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बाल कल्याण के क्षेत्र मे कार्य करने वाली संस्था चाईल्ड कंर्जवेशन फांऊडेशन भोपाल के द्वारा 19 एवं 20 अप्रैल को राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन रीजनल इंस्टीट्यूट आफ एज्युकेशन श्यामला हिल्स भोपाल मे किया गया है। चाइल्ड कंर्जवेशन फांऊडेशन के सचिव डॉ. कृपाशंकर चौबे ने बताया की उक्त दो दिवसीय सेमीनार मे छिंदवाड़ा जिले के पूर्व बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के सक्रिय रहे सदस्य एवं बाल कल्याण समिति की वर्तमान सदस्य मिनाक्षी वाजपेई का चयन कर बेबीनार मे भाग लेने आमंत्रित किया गया है। वही इस बेबीनार मे 20 राज्यो में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा, त्रिपुरा, राजस्थान, दिल्ली आदी के 200 प्रतिनिधि शामिल होंगे। चाईल्ड कंर्जवेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने बताया की चाईल्ड कंर्जवेशन फांऊडेशन के द्वारा 250 वा आन लाईन बेबीनार के अवसर पर यह फिजिकल आयोजन किया जा रहा हे इस आयोजन मे केंद्रीय एवं प्रदेश मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त बाल आयोग सहित विभाग के अधिकारी शामिल होकर कार्यक्रम मे उपस्थित प्रतिनिधियों को मार्गदर्शन देंगे।

### आज होगा जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा जिला स्तरीय बैडमिंटन जूनियर वर्ग की चैम्पियनशिप का आयोजन आज 19 अप्रैल से 20 अप्रैल के मध्य पेंच स्टाफ क्लब परासिया एवं वर्कर्स क्लब चांदामेटा (वेकोलि पेंच एरिया) में आयोजित किया जा रहा है। संघ के सचिव जावेद खान ने बताया कि इस टेलेंट सर्च प्रतियोगिता में 11, 13, 15, 17, 19 आयु वर्ग के बालक बालिका भाग ले सकते है चयनित उत्कृष्ट खिलाड़ी आगामी दिनों में मंदसौर में होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय स्पर्धा पंचकुला हरियाणा में भाग लेंगे ।

### नकुलनाथ आज छिन्दवाड़ा में

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का दो दिवसीय दौरे पर आज 19 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन पश्चात वे जिला मुख्यालय व ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित विविध धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित होंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार पूर्व सांसद नकुलनाथ का 19 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को विशेष वायुयान से दोपहर 12 बजे ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। आगमन उपरांत वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। दोपहर 3.30 बजे नरसिंहपुर रोड स्थित ग्राम चौखड़ाढ़ाना पहुंचकर नंदन हिल्स में जारी तीन दिवसीय दिव्य प्राण प्रतिष्ठा व मंदिर लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। अपराह्न 4.30 बजे नकुलनाथ शिकारपुर कमल कुंज आगमन होगा।

**पादुका पूजन करेंगे नकुलनाथ**

जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का सानिध्य प्राप्त कर उनकी पादुका पूजन नकुलनाथ के द्वारा निज निवास कमलकुंज में किया जावेगा। आप 19 अप्रैल दिन शनिवार की रात्रि 7 बजे जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का शिकारपुर कमलकुंज में शुभ आगमन होगा। आगमन उपरांत स्वामीजी की पादुका पूजन पूर्ण विधि विधान के साथ नकुलनाथ के द्वारा किया जावेगा।

पूर्व निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार 20 अप्रैल 2025 दिन रविवार को नकुलनाथ प्रात: 10.30 बजे उमरेठ क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व प्रात: 11 बजे मैनीखापा क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की बैठक में उपस्थित होंगे तदोपरांत वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा तय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। दोपहर 2 बजे चौरई विधानसभा के चांद ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम लोनीकला पहुंचकर 251 कुण्डीय श्री सीताराम महायज्ञ में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे, तत्पश्चत अपराह्नंत 4 बजे उनका शिकारपुर आगमन होगा। अपराह्नंत 4.30 बजे नकुलनाथ छिन्दवाड़ा से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# ग्राम पंचायत नवेगांव में दीवार लेखन के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव के आव्हान पर जिला कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार मण्प्रण्जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक चौरई श्रीमती ललिता कुशरे के कुशल मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 के अंतर्गत विकासखंड चौरई की ग्राम पंचायत नवेगांव गोंड में परामर्शदाता श्री गहरसिंह म्हन्दोलेए प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष श्री बजरंग चौरिया के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत दीवार लेखन के माध्यम से आम जनों को जल संरक्षित करने का संदेश दिया गया ।

विकासखंड समन्वयक श्रीमती कुशरे द्वारा उपस्थित जन समुदाय के साथ जल संरक्षण पर संगोष्ठी आयोजित कर संवाद भी किया गयाए जिसके अंतर्गत जल को हम कैंसे बचा सकते हैंए मितव्ययिता के साथ उसका प्रयोग कैसे किया जा सकता हैए यह सब करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है आदि के माध्यम से ग्रामीणजनों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक श्रीमती कुशरेए परामर्शदाता श्री गहरसिंह म्हन्दोलेए प्रस्फुटन समिति से श्री बजरंगए श्री मुकेश चौरियाए पंचायत सचिव श्री राजाराम चौरिया एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इको क्लब के विद्यार्थी कर रहे सहभागिता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांद में जल संवर्धन के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्राचार्य अनिल तागड़े के नेतृत्व में इको क्लब के विद्यार्थी सहभागिता कर रहे हैं। कार्यक्रम प्रभारी राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि जल संरक्षण के लिये हर संभव उपाय जैसे जल स्त्रोतों की स्वच्छता, परिसर की सफाई, पौधारोपण एवं जल के महत्व से इको क्लब को अवगत कराया।

# भारतीय बौद्ध महासभा ने पंढरी में निकाली भीम रैली

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संतरांचल के ग्राम पंढरी में भारतीय बौद्ध महासभा एवं संघमित्रा महिला संघ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 134 वी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के मुख्य मार्गो से भ्रमण करते विशाल भीम रैली बौद्ध विहार पहुची।



बुद्ध विहार परिसर में भारतीय बौद्ध महासभा, संघमित्रा महिला संघ द्वारा डॉ. आंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया द्वितीय दिवस पर भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष समाजसेवक रमेश लोखंडे, सौसर तहसील अध्यक्ष नरेश कड़बे के मुख्यातिथ्य में डॉ बाबासाहब आंबेडकर जयंती आयोजित की गई जयंती समारोह की शुरुवात तथागत गीतम् बुद्ध व बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा समक्ष मोमबत्ती दीप प्रज्वलित एवं पंचशील ध्वजारोहण के साथ हुई।

अतिथियों बौद्ध उपासक, उपासिकाओं ने तथागत गौतम बुद्ध व बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तदुपरांत सामुहिक बुद्ध वंदना एवं अतिथियों का उद्बोधन हुआ। इस अवसर पर अपने उदबोदन में समाजसेवक रमेश लोखंडे ने कहा कि डॉ. बाबासाहाब ने सदियों से दबे कुचले सर्बहारा लोगों को न्याय दिलाने के लिये जीवनभर संघर्ष किया। संकीर्ण कट्टरवादी ताकतों को समाप्त किया संविधान के माध्यम से भारतीय समाज में समता स्वतंत्रता बंधुता व न्याय पर आधारित व्यवस्था स्थापित की।

उन्होंने शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का नारा देकर अस्मिता की अलख जगाई। डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के विचारो पर चलने की आवशयकता बताते हुए भारतीय बौद्ध महासभा के सदस्य बनने की अपील की। विशिष्ट अतिथि नरेश कडबे ने सभी बौद्धजनो अपने अंबेडकरी पीडित लोगों को एक मंच पर आकर हक की लड़ाई लड़ने का आहवान किया।

# यहां क्यों नहीं होती यातायात विभाग की कार्रवाई



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल शुक्रवार को जहां यातायात पुलिस के द्वारा जिला चिकित्सालय से लेकर इंदिरा तिराहे तक एक के बाद एक गाड़ियां उठाने का कार्य किया जा रहा था तो वहीं दूसरी ओर बीच बाजार में जैन मंदिर के पास वाली गली जहां रंगजी का स्वीट मार्ट है और एक गली राज टाकीज की तरफ तो दूसरी गली गोल गंज में खुलती है सामने की तरफ भी बड़ी बड़ी दुकानें है पास ही में सहकारी केन्द्रीय बैंक भी भी है। यहां पर लोग कुछ प्रकार अपनी गाड़ी खड़ी कर रहे थे कि आने जाने वालों को दिक्कतें हो रही थी और लोग मनमाने तरीके से अपने वाहन खड़े कर अपना काम निपटा रहे थे और उन्हें किसी बात की चिंता नहीं थी कि उनके वाहनों से लोगों को तकलीफ हो रही है या फिर जाम लग रहा है।

लेकिन यातायात पुलिस जो कि मुख्य सड़क पर ही अपना ध्यान लगाकर रखी थी और फटाफट गाड़ियां उठा रही थी उसका ध्यान इस ओर अपेक्षित है ताकि यहां से आने जाने वालों को भी राहत महसूस हो सके। यहां रहने वाले लोगों की भी शिकायतें है कि उनके घरो के सामने गाड़ियां खड़ी करके लोग चलें जाते है जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने भी यातायात पुलिस से इस ओर ध्यान देने की अपेक्षा व्यक्त की है ताकि उनकी परेशानी भी दूर हो सके।

# ग्रीष्म ऋतु में तापमान में वृध्दि के कारण शाला समय में परिवर्तन के निर्देश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल के पत्र 03 जून 2024 के द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा ग्रीष्म ऋतु के दौरान तापमान में वृध्दि होने के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इसके लिये जिले की सभी शासकीय, अशासकीय शिक्षण संस्थाओं में 30 अप्रैल 2025 तक शाला संचालन के समय परिवर्तन का आदेश जारी किया गया है।

कलेक्टर ने बताया कि सभी शासकीय, अशासकीय, नवोदय, सी.बी.एस.ई., आई.सी.एस.ई., अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं के सभी शाला संचालन का समय प्रातरू 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक किया गया है।

इस दौरान परीक्षाओं का संचालन पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार रहेगा तथा मूल्यांकन कार्य अपने यथावत समय पर संपादित होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। शासन द्वारा दिए गए इन निर्देशों से पालकगणों में खुशी की लहर है, क्योंकि वे भी अपने बच्चों को स्वास्थ्य को लेकर चिंतित थे।

# भगवान निषाद राज जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिस तरह भगवान श्रीराम चंद्र जी को भगवान निषादराज ने गंगा मैया पार लगाया, उसी प्रसंग से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार जनता को दुखो से पार लगाने का निरंतर प्रयास कर रही है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने भगवान निषाद राज की जयंती के अवसर पर दमुआ में आयोजित कार्यक्रम में कही।

मांझी, निषाद, केवट, कहार भवन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने भगवान श्रीराम चंद्र जी को गंगा पार कराने वाले भगवान केवट को प्रणाम करते हुए उपस्थित जनों को जयंती उत्सव की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मेरा कहार समाज से चार पीढ़ियों का संबंध है।



सांसद श्री साहू ने कहा कि वे अपने क्षेत्र में कहार, निषाद, केवट, मांझी समाज की समस्याओं का तत्काल निराकरण की दिशा में प्रयास कर रही हैं। भाजपानीत केंद्र और राज्य सरकार समाज के परंपरागत काम को आगे बढ़ाने का प्रयास निरंतर कर रही है। गरीब कल्याण, जन कल्याण की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। सभी पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ मिल रहा है।

कार्यक्रम को पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती किरण खातरकर सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहार मत्स्योद्योग सहकारी समिति मर्यादित देहगांव खुर्द तामिया को मत्स्य पालन के लिए जलाशय का पट्टा दस वर्ष के लिए प्रदान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## मसीह समाज ने मनाया गुड फ्राई डे

# गिरजाघरों में दिन भर चला प्रार्थना का दौर





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मान्यता है कि जिस दिन इशू को सूली पर चढ़ाया गया और उनकी मौत हुई, उस दिन फ्राइडे था। ईसाई समुदाय का पर्व गुड फ्राइडे ईस्टर संडे से पहले वाले शुक्रवार को होता है। इस बार गुड फ्राइडे 18 अप्रैलको मनाया जा रहा है। नगर के सभी गिरजाघरों में मसीह समाज के द्वारा विशेष प्रार्थना की, गीत गाए और बाईबल का पठन किया गया जिसका क्रम दिन भर जारी रहा। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में समाज के सदस्य्य गिरजाघरो में उपस्थित हुए। इस अवसर पर फादर के द्वारा बताया गया कि किस तरह से ईसा मसीह को किस तरह से क्रूस पर चढ़ाया गया, कितनी यातनाऐं सही और उन्होंने ने उनके लिए अपने जीवन का त्याग किया।

बताते है कि लगभग दो हजार साल पहले यरुशलम के गैलिली प्रांत में ईसा मसीह नाम के संत हुआ करते थे, जो लोगों को एकता, अंहिसा और मानवता का उपदेश दिया करते थे। लोग उन्हें ईश्वर मानने लगे। लेकिन कुछ लोग ईसा मसीह से चिढ़ते थे। ऐसे लोग धार्मिक अंधविश्वास को फैलाने में विश्वास रखते थे। रोम के शासक पिलातुस खुद को ईश्वर का पुत्र बताते थे।

जब ईसा मसीह पर धर्म अवमानना और राजद्रोह का आरोप लगा तो रोम शासक ने उन्हें मृत्यु दंड का फरमान सुनाकर बुरी तरह यातनाएं दी और कीलों की मदद से सूली पर लटका दिया। बाइबल के मुताबिक जिस सूली पर ईसा मसीह को चढ़ाया गया था उसे गोल गाथा कहा जाता है।

इस दिन में ऐसा क्या अच्छा था ? जो इसे गुड फ्राइडे कहा जाता है। कहते हैं कि यीशु के सूली चढ़ने के समय को गुड इसलिए कहते हैं क्योंकि पुरानी अंग्रेजी में होली यानी पवित्र कहा जाता है। स्लेट के अनुसार ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी में ईस्टर से पहले वाले बुधवार को गुड वेडनेसडे कहा जाता था। आमतौर पर अब ये होली वेडनेसडे के नाम से जाना जाता है। इसी तरह गुड फ्राइडे को होली फ्राइडे के रूप में संदर्भित किया जाता है। हालांकि इस दिन को ब्लैक फ्राइडे या ग्रेट फ्राइडे भी कहा जाता है।

इस अवसर पर गिरजाघरों में बड़ी संख्या में समाज के सदस्यगण उपस्थित थे और उनके द्वारा प्रार्थना में भाग लिया गया।

# खेतों में नरवाई जलाने के चार मामलों में एफआईआर दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध को लेकर लगातार सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश भी जारी किया गया है। इसके बावजूद कुछ व्यक्तियों द्वारा इन आदेशों का उल्लंघन किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। प्रशासन ऐसे मामलों पर लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है।

इसी कड़ी में जिले के जुन्नारदेव थाना क्षेत्र में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शीलेन्द्र सिंह द्वारा जारी आदेश का उल्लंघन करते हुए चार अलग-अलग स्थानों पर खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

ग्राम कोल्हिया में असनवती सूर्यवंशी द्वारा अपने ससुर सुखदयाल सूर्यवंशी के नाम की जमीन पर नरवाई में आग लगाने की घटना सामने आई है, जिससे पास में ही स्थित हेमंत जैन और सालनी जैन के खेतों में लगी शिमला मिर्च, टमाटर की फसल सहित आम के पेड़ और फेंसिंग जल गए। इस आग से करीब पाँच लाख रुपये की क्षति होने का अनुमान है। मौके पर मौजूद खेत मज़दूरों और साझेदार ने बड़ी मुश्किल से आग बुझाई। इस पर धारा 223, 287, 326(1), 324(5) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया गया। दूसरा मामला ग्राम खारी का है, जहां पटवारी राहुल ठाकुर की शिकायत पर पंचु पिता उभेलाल बेलवंशी द्वारा खेत में पराली जलाने का मामला सामने आया। यह घटना 14 अप्रैल की है और इस पर धारा 223 बी.एन.एस. के तहत एफ.आई. आर. हुई है। तीसरे मामले में भी ग्राम खारी में ही सुंदरलाल सिरसाम द्वारा खेत में नरवाई जलाने की पुष्टि हुई। पटवारी के प्रतिवेदन के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 223 बी.एन.एस. के तहत कार्रवाई की गई है। चौथा मामला ग्राम छिंदीकामथ का है, जहां रामपाल यदुवंशी ने अपने कब्जे की जमीन में नरवाई जलाई। इससे आसपास के खेतों को नुकसान पहुंचा। नीलू यदुवंशी की शिकायत पर थाना जुन्नारदेव में धारा 223, 287, 296, 324(4) बी.एन.एस. के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

प्रशासन द्वारा पूर्व में ही आदेश क्रमांक डी.एम.छि/एस.डब्लू./ कृषि/2024-25/2160 दिनांक 21 मार्च 2025 को जारी कर पराली जलाने पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया है, जिसकी मुनादी भी कराई गई है। बावजूद इसके नियमों की अनदेखी पर अब कठोर कार्रवाई की जा रही है।

## सार-समाचार

### चाइल्ड लाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायत पर तत्काल रूकवाया गया बाल विवाह

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के विकासखंड हर्रई के थाना क्षेत्र बटकाखापा के ग्राम चिखलपुरा में चाइल्ड लाईन के माध्यम से बाल विवाह की शिकायत प्राप्त हुई। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुये जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास छिंदवाड़ा डॉ. हेमंत छेकर के मार्गदर्शन में परियोजना अधिकारी हर्रई रत्नेश कुमार वैद्य, पर्यवेक्षक श्रीमती राजकुमारी मरकाम, पर्यवेक्षक श्रीमती गुंजा उईके, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं थाना प्रभारी बटकाखापा चरणलाल उईके द्वारा स्थल पर जाकर जांच की गई एवं समझाईश दी गई। जांच के दौरान बालिका की उम्र 17 वर्ष 03 माह एवं बालक की उम्र 18 वर्ष से कम पाई गई।

परियोजना अधिकारी हर्रई श्री वैद्य द्वारा बालक-बालिका के माता-पिता, परिवार के सदस्यों, ग्रामवासियों को बाल विवाह न कराये जाने की समझाईश देते हुये माता-पिता से सहमति ली गई कि बालक-बालिका की उम्र पूर्ण होने के बाद ही विवाह करेंगे। उन्होंने बाल विवाह के अंतर्गत कानूनी प्रावधान के तहत 01 लाख रूपये का जुर्माना व 02 साल की सजा के बारे में उपस्थित जनों को सूचित भी किया। यह बाल विवाह, आज महिला एवं बाल विकास व पुलिस विभाग के सहयोग से स्थल पर रूकवाया गया।

### माचागोरा बांध के मुख्य द्वार खोलकर पेंच नदी में आज छोड़ा जाएगा पानी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्रमांक- 1 चौरई के कार्यपालन यंत्री एस.के. सिरसाम ने बताया कि छिंदवाड़ा/पांढुर्णा सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा पेंच व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत पेंच बांध (माचागोरा बांध) से नगर पंचायत चौरई, चांद एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता एवं मवेशियों को पेयजल एवं निस्तारण के लिये पानी की आवश्यकता को पूरा करने के लिये पत्र प्रेषित किया गया है। इस तारतम्य में 19 अप्रैल 2025 को प्रात: 11:30 बजे बांध के मुख्य द्वार (रेडियल गेट) को खोलकर लगभग 17 क्यूमेक्स पानी छोड़ा जायेगा, जिससे पेंच नदी में पानी के बहाव एवं जल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी।

उन्होंने बांध के निचले क्षेत्र के ग्रामवासियों से अपील की है कि पेंच नदी के जल के बहाव के रहते तक वे नदी तट पर नहीं जायें और निचले क्षेत्र में मवेशी, मोटर पंप और अन्य उपयोगी वस्तु नहीं रखें व सतर्क रहें, ताकि किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं होने पाये ।

### संगोष्ठी का आयोजन कर जल संरक्षण की दिलाई शपथ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जल संरक्षण के लिये चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान जो की 30 मार्च से 30 जून 2025 तक सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से जल संरक्षण और संवर्धन के लिये पुरातन जल स्त्रोतों की सफाई और गहरीकरण तथा जल के सदुपयोग के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम, जल संगोष्ठी, दीवार लेखन, जल शपथ तथा पौधारोपण आदि गतिविधियां अनवरत रूप से जारी है।

इसी कड़ी में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक भवानी प्रसाद कुमरे के कुशल मार्गदर्शन में सेक्टर क्रमांक- 03 लावघोघरी के ग्राम मछेरा के घोघरा नाले में श्रमदान कर गहरीकरण किया गया एवं जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के सभी वरिष्ठ जनों द्वारा जल पीढ़ी संवाद के माध्यम से पानी के रख-रखाव एवं उपयोग पर विस्तृत चर्चा की गई।

## पांढुर्णा जिले में वर्षा जल संग्रहण एवं सदुपयोग करने की जानकारी देकर ग्रामीणों दिलाई गई शपथ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं ब्लॉक समन्वयक दिलीप आठनेरे के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पानी को संवर्धित करने तथा पानी का दुरूपयोग न कर सदुपयोग करते हुए आने वाले वर्षा के दिनों में वर्षा जल संग्रहण की जानकारी देकर जन जागरूक किया गया तथा जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

इस अवसर पर सभी परामर्शदाता व नागरिकगण उपस्थित थे जिन्हें बताया गया कि किस तरह से वर्षा के जल को संरक्षित किया जा सकता है और फिर उसका उपयोग किया जा सकता है।

इस दौरान सभी उपस्थित ग्रामीणजनों को जल को संरक्षित करने और उसका उचित प्रकार से उपयोग करने की शपथ दिलाई गई।



## अग्नि प्रभावित जिलों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग द्वारा प्रदेश के अग्नि प्रभावित जिलों की स्थिति की समीक्षा हेतु दोपहर 12.00 से 1.00 बजे तक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव, वन विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं भारत सरकार के प्रतिनिधि द्वारा की गई। बैठक में प्रदेश के जिला कलेक्टर्स एवं वनमण्डलाधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य सचिव वन विभाग के निर्देशानुसार बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा नरवाई जलाने के कारण हो रही अग्नि दुर्घटनाओं की समीक्षा भी की गई।



बैठक के दौरान तीन मुख्य बिंदुओं फारेस्ट फायर, नरवाई और अर्बन सेंटर फायर पर चर्चा हुई। सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया कि अग्नि घटनाओं के रिस्पांस टाइम को वर्तमान 8 घंटे से घटाकर 2-3 घंटे तक किया जाए। साथ ही अग्निकांडों की पूर्व तैयारी हेतु अधिक से अधिक लोगों को संबंधित पोर्टल पर पंजीकृत कराने एवं फायर फाइटिंग उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मंत्रालय द्वारा कलेक्टर्स से उनकी तैयारियों की जानकारी भी ली गई। इस क्रम में जिले के कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले में किसान यूनियन की बैठक आयोजित कर लोगों में जागरूकता फैलाई जा रही है ताकि सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर का अधिकतम उपयोग किया जा सके। इसके अतिरिक्त जे फार्म ऐप में अधिक से अधिक पंजीयन कराए जा रहे हैं। बैठक में जिलावार घटनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई और आगामी दिनों में आग की घटनाओं को रोकने के लिये ठोस रणनीति तैयार करने पर बल दिया गया। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय छिन्दवाड़ा स्थित एन.आई.सी. कक्ष से कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह सहित ए.डी.एम. के.सी. बोपचे, डी.एफ.ओ. संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर, उप संचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुये।

# सिकल सेल रोगियों के लिए लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

## एक हजार 47 सिकल सेल रोगी पहुंचे शिविर में, कुल 1650 ने कराया इलाज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अपने लोकसभा क्षेत्र में जन जन के स्वास्थ्य की चिंता करने वाले संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू सतत् रूप से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर जन स्वास्थ्य की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में सांसद बंटी विवेक साहू के नेतृत्व में छिंदवाड़ा होम्योपैथी एसोसिएशन द्वारा जिले के सभी सिकल सेल रोगियों की सेवार्थ नि:शुल्क पैथोलॉजी जांच और होम्योपैथी इलाज का शिविर पूजा लॉज छिंदवाड़ा में लगाया गया। शिविर में कुल 2000 पंजीयन हुए 1650 से अधिक मरीजों ने अपना इलाज और 240 मरीजों ने पैथालॉजी जांच कराई। इसमें से 1047 मरीज सिकल सेल के शिविर में पहुचे थे।

शिविर का शुभारंभ सांसद विवेक बंटी साहू ने किया। इस अवसर पर शिविर को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा और उनका संकल्प है कि 2047 तक आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश से सिकल सेल की बीमारी को समाप्त करना है। प्रधानमंत्री के इस संकल्प को पूरा करने के लिए होम्योपैथी वेलफेयर एसोसिएशन आगे आया है और इस शिविर के माध्यम से सिकल सेल के मरीजों को लाभ होगा।






सांसद साहू ने कहा कि मेरी भी विशेष रूचि सिकल सेल के मरीजों को लेकर रही है और हम लंबे समय से इसको लेकर काम कर रहे हैं। सिकल सेल के मरीजों के लिए यह सफल आयोजन किया गया है और जिले भर से सिकल सेल की बीमारी से पीड़ित बच्चे बड़ी संख्या में आए हुए हैं और उन्हें होम्योपैथी माध्यम से अच्छा इलाज मिलेगा। हम सबको इस बीमारी को रोकने के लिए आगे आना होगा।

### ब्लड की कमी नहीं आने देंगे

सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि सरकार द्वारा सिकल सेल के मरीजों के लिए नि:शुल्क ब्लड की व्यवस्था की जाती है, लोग जागरूकता के अभाव में ब्लड नहीं देते हैं, लेकिन हमारे पास युवाओं की फौज है। जब भी सिकल सेल के मरीजों को ब्लड की आवश्यकता पड़ेगी हम सब तैयार हैं, हमेशा से हमारे युवाए कार्यकर्ता ब्लड डोनेट कर सिकल सेल के मरीजों के लिए आगे आ रहे हैं।

### कलेक्टर ने की मरीजों से मुलाकात

शिविर में कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने होम्योपैथी एसोसिएशन के इस शिविर की सराहना करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू की प्रशंसा की और कहा कि उनके नेतृत्व में ऐसे कई सेवा कार्य किये जा रहे है जो कि सराहनीय है। उन्होंने रोगियों से मुलाकात भी की और उनकी परेशानी को जाना व समझा तथा मौजूद अधिकारियों को निदान के निर्देश भी दिए।

### तामिया और छिंदवाड़ा में लगाया जाएगा शिविर

चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ कृष्ण हरजानी ने बताया कि शिविर में नि:शुल्क दवाएं और भोजन की व्यवस्था सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा की गई। शिविर को सिकल सेल के उन्मूलन की शुरुआत बताते हुए उन्होंने कहा कि 19 जून को सिकल सेल का अगला शिविर तामिया और छिंदवाड़ा में लगाया जाएगा।

### शिविर में यह रहे उपस्थित

शिविर में महापौर विक्रम अहके, चंद्रपुर से आए डॉक्टर राउतकर, सहित वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, चंद्रकुमार चंदू जैन, जोगेंद्र अल्डक, रिजवान कुरैशी, रोहित पोफ्ली, प्रभु नारायण नेमाए नवीन बारस्कर, एसडीएम सुधीर जैन, सीएमएचओ डॉ. शास्त्री, डॉ. कैथवास, डॉ. जे.एस. राय, चंद्रदीप जैन प्रमुख रूप से उपस्थित थे। शिविर में डॉ. सपना साहू, डॉ. मानव मित्रा, डॉ. सुजीत रघुवंशी, डॉ. अनु मौर्य, डॉ. शिवम बेले, डॉ. कृष्ण हरजानी सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी।

# अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कार्य योजना तैयार करने को बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अग्नि घटनाओं की रोकथाम बचाव के लिये कार्य योजना तैयार किए जाने के संबंध में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चौरई के सभाकक्ष में एसडीएम चौरई प्रभात मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में एसडीएम चौरई प्रभात मिश्रा द्वारा राजस्व, पुलिस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन एवं कृषि विभागों के मैदानी अधिकारियों को नरवाई जलाने से रोकने की रणनीति पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। उन्होंने निर्देशित किया कि क्षेत्र में नरवाई में आग न लगाने के लिये किसानों को प्रेरित करें।

साथ ही उन्हें बताएं कि नरवाई को बिना जलाए सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर जैसे यंत्रों का प्रयोग करते हुए नरवाई बिना जलाए सीधे बुवाई करके इसे जमीन में मिलाकर अच्छी खाद बनाई जा सकती है, जो भूमि के लिए अधिक उपयोगी है। सभी अधिकारियों को किसानों के बीच में पहुंचकर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

व्यापक प्रचार-प्रसार के बाद भी यदि किसी किसान/व्यक्ति के द्वारा आग जलाना/नरवाई जलाना पाया जाता है, तो नियमानुसार पंचनामा तैयार कर पुलिस विभाग के द्वारा एफ.आई.आर. दर्ज की जायेगी एवं नियमानुसार जुर्माना (अर्थदण्ड) आरोपित किया जायेगा।

साथ ही कृषि विभाग का मैदानी अमला कृषि अभियांत्रिकी के पोर्टल पर हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं, इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिये भी निर्देशित किया गया एवं नगरीय निकाय को निर्देशित किया गया है कि आग लगने की स्थिति में फायरमैन का दल सदैव तत्पर रहे व अग्नि दुर्घटनाओं की स्थिति में फायर ब्रिगेड मौके पर अतिशीघ्र पहुंचकर आग बुझाने की कार्यवाही करे।